तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 1 जून 2025

12 अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति का कीर्ति-ध्वज को

13 युक्तियुक्तकरण का शिक्षक संगठनों ने किया विरोध







## खबर संक्षेप



### शराब कोचिया गिरफ्तार 60 पौवा शराब जब्त

**लवन।** समाधान सेल ने ग्राम कोनारी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 26 वर्षीय मयाराम धृतलहरे को गिरफ्तार किया। आरोपी शराब कोचिया से 9200 कीमत मूल्य की 10 लीटर महुआ शराब एवं 60 पौवा अंग्रेजी गोवा जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया और वहां से जेल भेजा गया।

### 51 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिले में समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 31 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने ग्राम खोरसीनाला में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 40 वर्षीय टीकम मिरी को गिरफ्तार किया। आरोपी शराब कोचिया से 5100 कीमत मूल्य का 51 पौवा देशी मसाला और बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

### उत्तरा राज्य संगठन सचिव नियुक्त

**महासमुंद।** वरिष्ठ एवं महिला पत्रकार उत्तरा विदानी को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का छत्तीसगढ़ राज्य संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल 1 वर्ष का होगा।

अपराध : 500 रुपए, बाइक और 2 मोबाइल बरामद किया

# लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपचारी सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मारपीट कर लूट एवं अपहरण की घटना कारित वाले 3 अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराध दर्ज होने के 2 घंटे में ही पुलिस यह कार्रवाई की।

प्रार्थी पुरुषोत्तम कमार निवासी ग्राम जोगीडीपा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद ने थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मई को वह अपने चचेरे भाई चेमन कमार एवं महिला मित्रों के साथ महामाया मंदिर लवन गया था, वहां मोटरसाइकिल को खड़ी कर बैठे थे, इसी बीच शाम लगभग 7 बजे 4 अज्ञात आरोपी वहां पर पैदल आए और प्रार्थी एवं उसके चचेरे भाई से नाम पता पूछने लगे। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए प्रार्थी एवं चेमन कमार को बाइक में जबरदस्ती बैठाकर कोरदा रोड तालाब के पास ले गए। जहां पर आरोपियों द्वारा दोनों को मारते हुए एवं चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर 1500 एवं 2 मोबाइल लूट लिए। इस दौरान मौका पाकर चेमन कमार वहां से भाग गया। इसके बाद आरोपियों द्वारा प्रार्थी के दोनों हाथों को पीछे से बांधकर मोटरसाइकिल के बीच में बैठाकर रोहांसी के पास सुनशान जंगल ले जाया गया तथा आरोपियों द्वारा प्रार्थी से बोला गया कि 20 हजार लेकर आना उसके बाद ही मोटरसाइकिल मिलेगी वरना नहीं मिलेगी कहकर प्रार्थी को वहीं पर छोड़कर भाग गए।



### अपरोपी ने मोटरसाइकिल लूटना स्वीकारा

लवन पुलिस ने धारा 296,115(2), 351(2), 309(4), 138,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के प्रार्थी एवं अन्य गवाहों से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसके आधार पर आरोपी 19 वर्षीय रवि वर्मा एवं 3 अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी 3 अपचारी बालकों के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके मित्र के साथ मारपीट करते हुए पैसा, मोबाइल एवं उसकी मोटरसाइकिल लूटना स्वीकार किया। प्रकरण में पुलिस द्वारा प्रार्थी एवं उसके चचेरे भाई से लूटा गया 1500 रुपए, बाइक और 2 मोबाइल बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## चंदेरी हत्याकांड का फरार आरोपी बिलासपुर से गिरफ्तार

**सिमगा।** चंदेरी हत्याकांड के फरार आरोपी को पुलिस ने बिलासपुर में किया गिरफ्तार। प्रकरण में 9 आरोपी पूर्व में जेल की सजा काट रहे हैं।



सिमगा पुलिस से ममिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में ग्राम चंदेरी में हुई गंभीर रुप से मारपीट की घटना में घायल नंद कुमार पात्रे 31 वर्ष की मृत्यु हो गई तथा गोवर्धन पात्रे गंभीर रूप से घायल हुआ, थाना सिमगा में धारा 302, 307, 427, 294, 506, 323, 147, 149, 452, 458, 459, 460 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार थे, जिनकी सरगर्मी से तलाश किया जा रही थी। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार आरोपियों का नए सिरे से पता तलाश प्रारंभ की गई। इसके तहत प्रकरण में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों आरोपी के रिश्तेदारों, जान पहचान वालों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार एवं सतत निगाह रखी जा रही थी। इसी बीच साइबर सेल के माध्यम से आरोपी के तालापारा बिलासपुर में होने का पता चला, जिस पर पुलिस बल द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद फैजान मनिहार 23 वर्ष निवासी गोल बाजार चूड़ी लाइन महामाई वार्ड मुंगेली थाना मुंगेली जिला मुंगेली को तालापारा बिलासपुर से हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पूछ-ताछ के दौरान प्रकरण में घटना कारित करना स्वीकार किया, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

- इस प्रकरण में शामिल 9 आरोपियों जेल में हैं बंद

# बिजली खंभे में करंट से भैंस की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा ब्लॉक केअंतर्गत ग्राम केसदा में करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। घटना की शिकायत लेकर भैंस मालिक सरजू यदु हथबंद थाना पहुंचे।

सरजू यदु ने कहा कि यह घटना पहली बार नहीं कई बार हो चुकी है, जिसकी शिकायत संबंधित बिजली विभाग को दे दी गई थीं, किंतु अब तक किसी भी प्रकार से सुधार नहीं किए जाने से आज मेरे दुधारू भैंस जिसकी कीमत लगभग 70 हजार है, मेरे ही खेत में लगे खंभे में करंट लगने से मौत हो गई। बिजली विभाग की घोर लापरवाही से ही मेरी भैंस शनिवार दोपहर को करंट से चिपक गई, जिसकी जानकारी तत्काल बिजली विभाग को फोन के माध्यम से देना चाहा, किंतु कई बार फोन लगाने के बावजूद किसी ने रिसीव नहीं किया।

### लिखित शिकायत नहीं मिली

हमें किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं है, जानकारी लेकर बतायेंगे।

-जय नारायण साहू
प्रभारी, बिजली उपकेंद्र हथबंद

## मुड़पार में सौंदर्यीकरण का कार्य जारी



**खरोरा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में मनरेगा के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए राशि 678000 स्वीकृत हुई है। इसमें कार्यरत मजदूर रोजगार सहायक के निर्देशानुसार निर्धारित मापदंड में कार्य कर रहे हैं। इस कार्य में ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, ▶▶ शेष पेज 12 पर

## पांच दिवस कार्य खत्म करने के विरोध में उतरा लिपिक संघ

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला बलौदाबाजार ने राज्य सरकार के पांच दिवस कार्य प्रणाली को खत्म करने के प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया है। संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने बयान जारी कर



कहा की 5 दिवस कार्य कर्मचारी अधिकारी सभी के हित में था। पिछले सरकार ने सोच समझकर निर्णय लिया था। सरकार को अच्छे कार्य के लिए सभी विभागों में रिक्त पद पर भर्ती पहले करना चाहिए। केंद्र के समान डीए लागू करना, लिपिकों की पुरानी मांग, वेतन विसंगति जैसे अन्य महत्वपूर्ण मांग है। पांच कर्मचारियों का काम एक कर्मचारी कर रहा है। कर्मचारियों की समस्यायों से सरकार पहले अवगत हो और उनकी समस्या पहले निदान करें, समस्या हल करने के बजाय सरकार सुविधा को खत्म करना चाहते हैं जो उचित नहीं है। पांच दिवस कार्य खत्म करने वाले प्रस्ताव सरकार वापस ले अन्यथा कर्मचारियों को सड़क पर उतरने मजबूर होंगे।

# सुशासन तिहार में राशन कार्ड, लर्निंग लाइसेंस व मजदूर कार्डों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत कनकी में सुशासन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। विधायक अनुज शर्मा द्वारा सभी विभागों का निरीक्षण किया गया। वहीं महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवति महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्न प्रासन्न कराया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट बेटी का सम्मान के साथ हितग्राहियों को राशन कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, मजदूर कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, तिल्दा जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनिता अनिल सोनी, मंडल अध्यक्ष खरोरा सोना वर्मा, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष दुलारी, सुरेन्द्र वर्मा, सरपंच कनकी दुर्गेश वर्मा, जनपद सदस्य, विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आस पास के 12 पंचायतों के सरपंच और कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।





# शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों पर 10-10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 5 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।







पुलिस द्वारा इन सभी 5 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए, इनके वाहन जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 30 मई को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10-10 हजार का अर्थदंड का आदेश दिया गया।



शाला प्रवेश उत्सव का बहिष्कार किया जाएगा

# युक्ति युक्तकरण का विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



संकुल समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राय की अगुवाई में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पलारी के नाम युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों का आदेश एवं काउंसिलिंग बहिष्कार का ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने कहा अगर शासन प्रशासन युक्तियुक्तकरण को निरस्त नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश के 23 संगठनों का साझा मंच जिला स्तरीय आंदोलन करेगी। शाला प्रवेश उत्सव का बहिष्कार किया जाएगा। यह आंदोलन गांव गरीब के बच्चों के लिए हैं। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शासन प्रशासन प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा देना चाह रही है और गांव गरीब के बच्चो को असाक्षर बना रही है। प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा होती है और 18 परेड होते हैं। 2 शिक्षक कैसे गुणवत्ता पूर्वक इसको पढ़ा सकते हैं, जबकि इसी में से 1 शिक्षक को विभागीय कार्य करने होते हैं। ब्लॉक और जिला से जानकारी तत्काल मंगाई जाती है। इसके अलावा बी एल ओ, जाती निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, दुनिया भर का सर्वे, स्वास्थ्य विभाग का काम, प्रशिक्षण और अन्य काम भी करने होते हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संकुल समन्वयक संघ प्रांताध्यक्ष विक्रम राय, ▶▶ शेष पेज 12 पर









## खबर संक्षेप



### उपाध्याय ने खड़गे और राहुल से की मुलाकात

**रायपुर।** असम प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रभारी महामंत्री केसी वेणुगोपाल, असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह से मुलाकात की। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय मौजूद रहे। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगई एवं कार्यकारी अध्यक्ष जाकिर हुसैन सिकदार, रोसलीना तिर्के एवं प्रदीप सरकार के साथ असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुरंदर ने किया 75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम रायपुर के जोन-2 अंतर्गत वार्ड 35 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा ने 75 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित नाली निर्माण योजना का भूमिपूजन किया। इसकी अनुशंसा स्थानीय वार्ड पार्षद शेख मुशिद ने की थी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम अधिकारी आरके डोंगरे समेत पार्षद एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने 30 मई को ग्राम धुपेनडीह नाला के पास आरोपी सुंदर सिंह चौहान पिता बुधुलाल चौहान (50 साल) भस्करापाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से 2 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया। इसी तरह ग्राम आमाबाहरा पुल के पास ग्राम भस्करापाली आरोपी प्रेमलाल पटेल पिता बिहारी लाल पटेल (71 साल) भस्करापाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब करीबन 8 लीटर कीमत 1600 रुपए को जब्त किया। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने के आरोप में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया सतबाई बरेठ निवासी वार्ड 7 बैदपाली रोड, सरायपाली ने बताया कि 30 मई को शाम 6:30 से 7 बजे के मध्य मोहल्ले में पानी टैंकर आया हुआ।

## पेज 11 के शेष

### युक्ति युक्तकरण का...

पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ मांडले, ब्लॉक अध्यक्ष छन्नू वर्मा, ब्लॉक सचिव कृष्ण कुमार फेकर संकुल समन्वयकगण पदाधिकारीगण यदु नंदन पटेल, मंतराम वर्मा, विष्णु कुमार फेकर, होरीलाल वर्मा, मुकेश कुमार साहू, मोतीराम फेकर, छन्नू लाल साहू, देवेंद्र कुमार साहू, योगेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार सेन, अमित कुमार साहू, दिलीप सिंह पैकरा आदि उपस्थित थे।

### मुड़पार में ...

सचिव एवं रोजगार सहायक का प्रमुख योगदान है। यह कार्य ग्राम पंचायत मुड़पार में मानसून आने के पहले प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें समस्त ग्राम वासियों का एवं मजदूरों का प्रमुख योगदान है, जिसमें मजदूर नाथूराम ध्रुव, शंकर वर्मा, प्रेमनाथ वर्मा, सीमा वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, भुनेश्वरी ध्रुव, अनीता ध्रुव, बृज भाई ध्रुव, शिव कुमारी साहू इत्यादि मजदूर कार्यरत है।

---

**जयंती : कार्यक्रम में गौरीशंकर अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए**

# अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति का कीर्ति-ध्वज को दसों दिशाओं में फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर पालिका परिषद द्वारा स्थानीय ऑडिटोरियम में पुण्यश्लोक, लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, मालवा साम्राज्य की होल्कर रानी थी। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने और महिला सशक्तिकरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा अहिल्याबाई को प्रेरणा और मार्गदर्शन के स्रोत के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी महानता और दूरदर्शिता आज भी लोगों को प्रेरित करती है। सामाजिक सुधारों ने इतिहास में उन्हें एक महत्वपूर्ण स्थान दिया। उनके जीवन ने हमें न्याय, धर्म और सामाजिक सुधारों की प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। हम अपने उद्देश्य को लेकर समाज में नैतिकता और नारीवादी संप्रदाय और राष्ट्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्कर्ष को जीवन का लक्ष्य बनाने वाले काम करने वाली महारानी के प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

**सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना : आनंद यादव** जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी को हम सब मना रहे हैं। जब देश में मुगल आक्रांताओं के द्वारा मंदिर ध्वस्त किये जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था, आज हमें उनके जीवन से सद्प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए संपूर्ण मनोयोग से समर्पित होना चाहिए।

पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्यों के लिए जाना जाता है। सभा को अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

---

## अखंड ज्योति कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड ज्योति कलश यात्रा 30 मई को नगर अर्जुनी पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत स्थानीय लोगों ने किया और आरती की और दीप यज्ञ का आयोजन भी किया। यह यात्रा भरसेली, भरसेला, गैतरा, कोलियारी, करमदा, धवई, नवागांव, टोनाटार होते हुए अर्जुनी पहुंची। जहां बलौदाबाजार जनपद पंचायत सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव ने अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया और आरती की और शंकर चौक में आयोजित दीप यज्ञ में शामिल हुए। इस दीप यज्ञ में शंकर चौक के वार्डवासी सहित ग्रामीणजन शामिल होकर सामूहिक दीप यज्ञ में गायत्री मंत्र का मंत्रोचार किया गया और वेद माता गायत्री का पूजा अर्चना कर दीप जलाए गए। शंकर लाल वर्मा, बबन प्रसाद ने बताया कि श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योति एवं परम माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी वर्ष 2026 में पूरा होगा। उन्हीं के उपलक्षय में अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा का भ्रमण किया जा रहा है और अर्जुनी में भी गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस कलश रथ यात्रा एवं दीप यज्ञ के दौरान जनपद पंचायत सभापति वेंदेश्वरी त्रिलोक यादव, हरिप्रसाद वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, शंकर लाल वर्मा, उदय सिंह ध्रुव, हुमन वर्मा, कल्याणी वर्मा राजकुवर ध्रुव जेठूराम ध्रुव कौशल किशोर साहू मोतीराम साहू कुंज बिहारी पटेल बबन प्रसाद पार्वती ध्रुव, चंदरोतीन साहू, मुंगेसिया साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चरामेति विकलांग सेवा दी व्हीलचेयर और दवाएं



**रायपुर।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से ग्रस्त प्रदीप पाल को व्हीलचेयर एवं बैंडेज मटेरियल सर्जिकल स्पिरिट समेत चिकित्सा सामग्री प्रदान की गई। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार को रमेश राव, जितेंद्र दामा, डॉ. मृणालिका ओझा, डॉ. होमेंद्र कुमार साहू, वीरेंद्र, भीम, घनश्याम सराठे, वीके महालय, नीलेश अग्रवाल, पिंटूराम साहू आदि के सहयोग एवं उपस्थिति में उक्त सामग्री प्रदान की गई।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष बने नरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पैजनी में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज की बैठक रखी गई। कोषाध्यक्ष पापू राम वर्मा द्वारा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष रामावतार वर्मा ने कहा कि समाज के विकास की गति के लिए उद्देश्य और दिशा के एक होने से ही समाज का विकास होगा। अध्यक्ष रामावतार वर्मा एवं सभी पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त होने पर अपने-अपने पद से इस्तीफा दिया गया। उसके बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव कराया गया। इसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष पद पर कोहरौद निवासी नरेंद्र वर्मा निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, सहसचिव नंदराम वर्मा, लोकपाल देव प्रसाद वर्मा, रघुराम वर्मा, धरमलाल वर्मा, परस वर्मा, परमानंद वर्मा, ऑडिटर यावत वर्मा, पापू राम वर्मा, समाज सेवक बंसी राम वर्मा, अशोक वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा को बनाया गया। इस दौरान कोमल वर्मा, शिक्षक चूड़ामणि वर्मा, सुरेश वर्मा, महेंद्र वर्मा, बसंत वर्मा, मनोज वर्मा, चक्रसुदर्शन वर्मा, शिव वर्मा, जनपद सदस्य मोरध्वज वर्मा, उत्तम वर्मा, ग्राम प्रमुख अशोक वर्मा, दिलीप वर्मा, पुलश वर्मा, रूद्रशंकर वर्मा, पारसनाथ वर्मा, भूखऊ राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

### दोंदेकला में हुई तहसील साहू संघ की बैठक



**खरोरा।** तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की बैठक धरसीवां कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर तहसील अध्यक्ष चूड़ामणि साहू के मार्गदर्शन में ग्राम दोंदेकला में आहुत की गई। इसमें अध्यक्ष अनिल साहू ने संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आभार व्यक्त किया। वहीं विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। तहसील युवा प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष सुशील साहू एवं संगठन सचिव लक्की साहू ने भी अपने विचार रखें। बैठक में युवा प्रकोष्ठ धरसीवां के तहसील अध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष थलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष सुशील साहू, मीडिया प्रभारी नीलकंठ साहू, संगठन सचिव लक्की साहू, देवा साहू, तुलेश्वर साहू, संयुक्त सचिव ईश्वर साहू, सत्यनारायण साहू, विवेक साहू, उमेश साहू, गुलशन साहू, रोशन साहू, टाकेश्वर साहू, लोकेश साहू सहित समाज के युवाजन उपस्थित थे।

### श्रद्धांजलि ....



**पलारी।** शनिवार को नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत पलारी के ग्राम रसौटा पहुंचकर पूर्व विधायक शकुंतला साहू की मां व हरिशंकर साहू की दिवंगत पत्नी लीला देवी साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने पूर्व विधायक शकुंतला साहू को उनकी मां के जाने पर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मां का प्रेम बेटी के प्रति बहुत गहरा और बेहद नजदीकी का होता है। शकुंतला साहू विधायक रहते जब भी रायपुर आती, वे हमेशा अपनी मां का जिक्र करती थी। उनकी दिवंगत मां हमेशा मेरे लिए कुछ न कुछ अवश्य भेजा करती थी। वे बेहद सरल और विनम्र स्वभाव की महिला थीं। उनके साथ भाटापारा विधायक इन्द्र साव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने भी श्रद्धांजलि देने उनके निवास गए।

## बेमौसम बारिश से किसानों को पहुंच रही क्षति, मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार जिला और कसडोल विकास खंड में वनांचल के नाम से प्रसिद्ध, बिलाईगढ़ विधानसभा के कृषि प्रधान क्षेत्र में बेमौसम बारिश से किसानों को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है, किसान दिन रात कड़ी मेहनत कर अपनी रबी फसल तैयार किये थे और परिणाम लेने के ठीक पहले बेमौसम बारिश से किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर मुआवजा देने की मांग की है, साथ ही साथ बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे से मिलकर कलेक्टर बलौदाबाजार से चर्चा कर, किसानों को बेमौसम बारिश से हुई भारी क्षति के लिए शासन से मुआवजा दिलाने की बात करने को कहा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि इस बेमौसम बारिश से ग्राम देवरुम, गोलाझर, चांदन, सुखरी, रुनझुनी, डुमरपाली, रंगोरा, बया, पाकरीद, चेचरापली, कोसमसारा, देवगांव, बागमाड़ा, नगेड़ी, नगेड़ा, बिलारी, कौहा, कुरामाझर, कलमी दादर, छाता, मनदीप, नगरदा, कुशभाठा, खैरा, बरपानी, सोनपुर, कुशगढ़ आदि ग्रामों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

बेमौसम हुई बारिश से क्षतिपूर्ति राशि की मांग करने वालों में युधिष्ठिर नायक, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, जान मोहम्मद खान, मुरलीधर मिश्रा, सुखलाल निषाद, रामकुमार नायक, हेमलाल पटेल, सालिक राम, टुपेश्वर, लेश कुमार, जीवर्धन पटेल, संतु बरिहा आदि प्रमुख है।

## कांग्रेस की संविधान बचाओं रैली आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। 1 जून रविवार को सुबह 11 बजे से स्थानीय अंबेडकर चौक से रैली निकालकर राजीव भवन गार्डन चौक में सभा पश्चात समाप्त होगी।

इस विषय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने बताया कि जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, विधायकगण संदीप साहू, इंद्र साहू, कविता प्राणलहरे, पूर्व विधायक संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, युवा कांग्रेस महासचिव कोको पाढ़ी, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा लगातार देश में संविधान बचाए जाने की आवाज उठाई जाती रही है श्री गांधी द्वारा संविधान बदलने की भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। सुमित्रा घृतलहरे ने संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थिति की अपील की है।

### एक साल में बनाए 60 लाख सदस्य छात्रों को उनकी रुचि अनुसार देंगे मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक के दूसरे दिन सदस्यता अभियान सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अनुसार, एबीवीपी द्वारा पिछले वर्ष लगभग 60 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी दिशा, कार्यनीतियों और कार्यक्रमों पर गहन चिंतन-मंथन किया गया। बैठक में संगठन के इकाई स्तर से लेकर प्रांत व राष्ट्रीय स्तर तक की गतिविधियों, सदस्यता अभियानों एवं छात्र हितैषी कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ संगठनात्मक संरचना को और अधिक प्रभावशाली बनाने, परिषद के आयामों को नए संदर्भों में विकसित करने तथा भारतीय मूल्य-आधारित शिक्षा एवं छात्र चेतना को आगे बढ़ाने के लिए ठोस रणनीतियां तैयार की गईं। अप्रैल माह में गुजरात के द्वारका में संपन्न विचार बैठक के बिंदुओं पर भी चिंतन हुआ। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने कहा, विद्यार्थी परिषद एक विचार है, जो केवल सदस्यता तक सीमित नहीं है। परिषद का यह संगठनात्मक विस्तार, भारतीय मूल्यनिष्ठा पर आधारित छात्र चेतना के जागरण का प्रमाण है।

---

**प्रदेश में हो जाएगी जीवन रक्षक दवाओं की भारी किल्लत**

# प्रमुख दवा कंपनियों के डिपो दूसरे राज्यों में हो रहे स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आने वाले दिनों में प्रदेश में जीवन रक्षक दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है। दवा कारोबारी संगठन ने एफडीए नियंत्रक के सामने दवा कंपनियों के डिपो के दूसरे राज्यों में स्थानांतरित होने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि पिछले दो साल में चार बड़ी दवा कंपनियां छत्तीसगढ़ से पलायन कर चुकी हैं और पांचवे की तैयारी की जा रही है। दवा कंपनियों का डिपो दूसरे राज्यों में जाने के बाद दवा आपूर्ति में देर के साथ ट्रांसपोर्टेशन लागत में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। रायपुर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनायक कृपलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग एवं सचिव संजय रावत ने बताया कि प्रमुख औषधि कंपनी द्वारा अपनी कैरिंग एंड फॉरवर्डिंग (सीएंडएफ) यूनिट को दुर्ग से भिवंडी महाराष्ट्र शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है, जो भविष्य में जरूरी दवाओं की आपूर्ति का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल में कुछ बड़ी प्रमुख दवा कंपनियों ने भी इसी तरह छत्तीसगढ़ से पलायन किया था। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से अपना डिपो उठाकर उन्होंने नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, मुंबई जैसे शहरों में जाकर स्थापित कर लिया था। दवा कंपनियों के दूसरे राज्यों में जाने की वजह से यहां दवा की सप्लाई अनियमित हो जाती है। तर्क दिया गया है कि प्रदेश में दवा का डिपो होने पर कारोबारी आवश्यकता के अनुसार छोटी मात्रा में दवा का आर्डर दे सकते हैं, मगर दूसरे राज्यों में इसकी शिफ्टिंग होने के बाद दवा कंपनियां बड़ा आर्डर ही स्वीकार करेंगी, जिससे दवा सप्लाई की व्यवस्था बाधित होगी।

### बड़े अस्पताल आ रहे

रायपुर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तर्क दिया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़, विशेषकर रायपुर, भारत के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। देश के अनेक प्रमुख अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थान अपनी इकाइयां यहां स्थापित कर रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में दवाइयों की स्थानीय उपलब्धता और समयबद्ध आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएंडएफ यूनिट्स के अन्य राज्यों में स्थानांतरण से गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## पालतू पशु विक्रय की कई दुकानों में नहीं किया जा रहा पेट शॉप नियम का पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की टीम ने शुक्रवार को शहर में संचालित कई पालतू पशु विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ज्यादातर दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के अनुरूप आवश्यक सुविधाओं का पालन नहीं करना पाया गया। इस पर टीम ने दुकानदारों को नियम का पालन करने की समझाइश दी, साथ ही चेतावनी भी दी कि दोबारा जांच में अगर कमियां मिलीं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राज्य जीव जंतु बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. आरके सोनवाने, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. इला धुरंधर सहित बोर्ड के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जिले में संचालित पालतू पशु दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

टीम ने निरीक्षण के दौरान फाफाडीह चौक, डागा पेट्रोल पंप के सामने मेहंदी बड्र्स हाउस, अली बड्र्स सेंटर, गरीब नवाज बर्ड एवं फिश शॉप तथा केजीएन डॉग एवं बर्ड सेंटर का जायजा लिया। इन दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के तहत कई कमियां पाई गईं। दुकानों में पशुओं के रखरखाव के लिए न्यूनतम स्थान सहित अन्य कई अनिवार्य व्यवस्थाएं नहीं मिलीं।

## खबर संक्षेप



### पुमेश ने किया 20वी बार रक्तदान

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम सकरी निवासी 26 वर्षीय युवक पुमेश कुमार वर्मा ओ पॉज़िटिव ने निःस्वार्थ सेवाभाव से अब तक 20 दफा रक्तदान करते हुए अलख जगाकर मानव समाज को प्रेरित करने 100 बार रक्तदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने मानव समाज को सन्देश देते हुए कहा कि मानवता की रक्षा के लिए रक्तदान करें और जीवन बचाएं। मच्छरों को अपना खून देने के बजाय, उसे किसी ऐसे व्यक्ति को दें जिसे इसकी ज़रूरत है। एक बैग खून किसी को मरे हुए व्यक्ति से वापस ला सकता है। खून का बंधन किसी भी चीज़ से ज़्यादा मज़बूत होता है।

### चंद्रिका की कहानी का प्रसारण 2 को

**सरायपाली।** आकाशवाणी रायपुर से डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी अंतराल के बाद का प्रसारण 2 जून सोमवार को सुबह 8:30 बजे कथायन कार्यक्रम के अंतर्गत होगा। अंतराल के बाद स्त्री जीवन के बंधन और उन बंधनों की जकड़न से टूटती उसकी जिजीविषा की कहानी है। जीने का सहज बोध, थोपी गई दूसरों की इच्छाओं और अपेक्षाओं के सामने नतमस्तक होकर किस तरह मौन हो जाता है? स्त्री अस्मिता की तलाश की एक बेचैन कोशिश है यह कहानी। कथा नायिका मालती के माध्यम से स्त्री-जीवन को बाँधने वाले कई बंधनों में से एक बंधन की गांठ दिखाने की कोशिश करती कहानी अंतराल के बाद पाठकों से मौन वार्ता करती नज़र आती है। गौरतलब हो कि इसके पहले भी डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी चूड़ीवाला पिता और क्षितिज तक जाती नज़रें का प्रसारण, प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर द्वारा हो चुका है। वे वर्तमान में स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापक हैं।

### नपाध्यक्ष ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बेलसोंडा फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जल शुद्धिकरण प्रक्रिया, प्लांट की साफ सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने प्लांट प्रभारी व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साहू ने संबंधित अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन में पानी की गुणवत्ता तथा शुद्धता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बारिश में पानी को साफ रखने आवश्यक उपाय करने कह। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को शुद्ध जल आपूर्ति हो यह पालिका की प्राथमिकता है।

## निधन

### विजय कुमार

**बलौदाबाजार।** स्थानीय निवासी



विजय कुमार पिता यशवंत कुमार दुबे का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 31 मई रायपुर रोड मुक्ति धाम में किया गया। वह विनय दुबे, नवनीत (पिंटू) दुबे के भाई थे।

### शिव केडिया

**बलौदाबाजार।** स्थानीय निवासी



41 वर्षीय शिवा केडिया पिता प्रमोद केडिया का शनिवार को निधन हो गया। वह बंशीधर केडिया समूह, सेठ बंशीधर केडिया राइस मिल प्रा. लिमिटेड के सदस्य थे। वे रमेश प्रकाश कमल के भतीजे थे। अंतिम यात्रा निवास स्थान रोमनस्क्यू लाभांडी से 1 जून को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट रायपुर जायेगी।

# अन्नपूर्णा देवी की प्रतिमा स्थापना से पूर्व निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

स्थानीय माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा अन्नपूर्णा मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ माता अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि माता अन्नपूर्णा मंदिर समिति द्वारा पिछले एक जनवरी से निःशुल्क भोजन प्रसाद वितरण प्रतिदिन दोपहर में किया जा रहा है। इसके शुरुआत में गरीब और जरूरत मंद भूखे प्यासे लोगों को देखते हुए निःशुल्क भोजन प्रसाद वितरण आरंभ था, लेकिन अब यहां सभी वर्ग के लोग श्रद्धा से प्रसाद पाने पहुंचते हैं और अपनी श्रद्धा भक्ति माता के चरणों में अर्पित करते हैं। इसकी जानकारी होने पर अब इसमें अपनी भागीदारी निभाने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में नगर की श्रद्धालु महिला मीरा सोनी द्वारा पिछले दिनों मूर्तिदान करने का प्रस्ताव समिति के बीच रख स्थापना करने की इच्छा जाहिर की थी, जिसे स्वीकार करते हुए 29 मई को मूर्ति स्थापना तिथि निर्धारित की गई। इसके लिए राजस्थान से मूर्ति मंगाई गई ।कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू से समिति के लोगों ने शौचालय निर्माण की मांग की, जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष साहू ने शीघ्र शौचालय निर्माण किए जाने का आश्वासन दिया।

### निःशुल्क भोजन प्रसाद वितरण प्रतिदिन किया जा रहा है



#### जमकर हुई आतिश बाजी

गुरुवार 29 मई को देव घाट देवर घटा से पधारे आचार्यों द्वारा पूरी विधि विधान से मंत्रोच्चार द्वारा पूजन कर पहले भव्य कलश यात्रा के साथ देवी मूर्ति को बाजार चौक से वाग्देवी पारा, गढ़ पारा होते हुए महामाया मंदिर से बजरंग चौक, चंडी माता मंदिर होते हुए वापस यूको बैंक के पास अन्नपूर्णा मंदिर लाया गया, जहां पुनः विधिवत पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर देवर घटा के राम गोपाल दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जिनका दर्शन पाने मंदिर में लोगों की भीड़ लगी रही। इस बीच खूब आतिश बाजी की गई। कार्यक्रम में भोग भंडारा कर प्रसाद वितरण किया गया।

### विरोध : काउंसिलिंग सूची निरस्त करने की मांग

# युक्तियुक्तकरण का शिक्षक संगठनों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का सभी शिक्षक संगठनों ने विरोध किया है। उन्होंने काउंसिलिंग का विरोध करते हुए जारी सूची को निरस्त करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा स्कूली शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण के तहत अन्य स्कूलों में स्थानांतरण किया जा रहा है, जिसमें अधिकारियों द्वारा मनमाना ढंग से सूची जारी की गई है, जिसका विरोध करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सभी संगठनों ने सूची निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में शिक्षक संघ के जिला संयोजक हरिशंकर जायसवाल ने बताया कि युक्तियुक्तकरण हेतु अतिशेष शिक्षकों की सूची का दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन नहीं किया गया। दावा आपत्ति के लिए समय नहीं दिया जा रहा है। इस कारण सूची त्रुटि पूर्ण है। कार्यरत रिक्त अतिशेष शिक्षकों की सूची का विकासखंड, जिला स्तर पर प्रकाशन नहीं किया गया है, इसलिए काउंसिलिंग आदेश का बहिष्कार किया जा रहा है।

शासन द्वारा 2008 शिक्षक पदस्थापना सेटअप का उल्लंघन किया जा रहा है। उच्च प्राथमिक शालाओं में विषय बंधन को समाप्त किया गया है और अतिशेष होने पर विषय वार किया जा रहा है, जो पूर्णतः गलत है। इस सत्र में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की गणना करते हुए अतिशेष निकाला गया है जो कि न्याय संगत नहीं है। हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूलों में विभिन्न विषय एवं संकायों का पद समाप्त किया जा रहा है। वाणिज्य, संस्कृत के व्याख्याताओं को पाठ्यक्रम संचालित होने के बाद भी अतिशेष किया गया है। पति-पत्नी आधार पर पदस्थापना प्रदान किए गए शिक्षकों को अतिशेष निकाला गया है। संगठन पदाधिकारी एवं संकुल समन्वयकों को पूर्व की भांति युक्तियुक्त करण से पृथक नहीं रखा गया है। दर्ज संख्या पर्याप्त होने के बाद हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में कालखंड की गणना न करते हुए अतिशेष निकाला जा रहा है। पद नहीं होने के बाद भी पूर्व में नियुक्त, पदोन्नति, स्थानांतरण में अपने सुविधानुसार शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिसके कारण अतिशेष की स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के स्वेच्छाचारी एवं गलत नीतियों का विरोध करते हुए युक्तियुक्त करण एवं काउंसिलिंग आदेश का बहिष्कार किया जा रहा है। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपा गया है।

# भरत देवांगन स्कूल में भारतीय भाषा का सात दिवसीय कैंप जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार पीएम श्री शालाओं में भारतीय भाषा पर ग्रीष्मकालीन समर कैंप 1 जून तक जारी है। समर कैंप के तहत विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के अलावा आस-पास राज्य की किसी एक और भाषा सीखने प्रति दिवस 4 घंटे कैंप, सात दिवसीय दिनचर्या अनुरूप जिसमें गतिविधियां प्रथम दिवस बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्तियों अक्षर, संख्याएं, हस्ताक्षर जैसे रोल प्ले, फ्लैस कार्ड, देश भक्ति नारा, द्वितीय दिवस वर्चुवल शहर भ्रमण/वास्तविक जीवन वार्तालाप अभ्यास, जैसे संवाद अभ्यास खरीदारी, रास्ता पूछना, तृतीय दिवस कला (संगीत, नृत्य, चित्रकला) चतुर्थ दिवस स्थानीय व्यंजन (मसालों, सब्जियों, फलों के नाम), पंचम दिवस संस्कृति की सराहना सुनने के कौशल का विकास, सशस्त्र बलों, स्वतंत्रता सेनानियों, कलाकारों, प्रतिष्ठित लोगों आदि से स्थानीय नायकों के बारे में जागरूकता, छठवां दिवस नदियों, पहाड़ों ऐतिहासिक स्मारकों आदि के नाम जानकार इतिहास, भूगोल का ज्ञान एवं सातवां दिवस प्रेरणा और समापन, माता - पिता के समक्ष बच्चों द्वारा प्रदर्शन प्रश्नोत्तरी एवं प्रमाण पत्र वितरण गतिविधि सम्पन्न होगा।

इस समर कैंप गतिविधियों में प्राचार्य रजनी मिंज, पुरुषोतम देवांगन, शाहिना परवीन, अंकृति भिड़े, पावेत्री साहू, रूपाशिखा साहू, अपूर्वा ओगरे, नदीश साहू, पावस पटेल, प्रीति मिश्रा, आंचल कसार, जास्मीन जोश, लुकेश्वर उइके, अजय कुर्रे की सक्रिय सहभागिता रही।

# विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने बच्चों को पिलाया शरबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को नगर पालिका कन्या शाला में विभिन्न विद्या में महारत हासिल करने वाले नन्हें बाल कलाकारों के बीच पहुंच कर उन्हें शरबत का वितरण किया। उनके लगन और इच्छा शक्ति की तारीफ करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। वहीं महिलाओं ने तंबाखू निषेध प्रदर्शनी का रेलवे स्टेशन पहुंचकर अवलोकन करते हुए लोगों से सभी प्रकार के नशा से दूर रहने का आह्वान किया। गत दिवस शनि जयंती पर भी विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने जरूरतमंदों को छाता, चप्पल इत्यादि का वितरण कर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया था।

विप्र फाउंडेशन महिला शाखा अध्यक्ष उमा शर्मा के नेतृत्व में इस सामाजिक संस्था से जुड़ी महिलाओं बबीता भृगु, शिवानी शर्मा, किरण जोशी, आशा पुरोहित, शशि पांडे, मीता शर्मा इत्यादि महिलाओं ने किरण इवेंट फ्यूजन के द्वारा नगरपालिका कन्या शाला में चलाए जा रहे निःशुल्क समर कैम्प में मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, करसीव राइटिंग, डांस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नन्हें बाल कलाकारों के मध्य पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन सभी बच्चों द्वारा की जा रही मेहनत, लगन और उनकी इच्छा शक्ति की जमकर तारीफ करते हुए ना केवल बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर सभी बच्चों को विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने शरबत पिलाया और अनीता अरुण छाबड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर सभी का आभार व्यक्त किया।

विप्र फाउंडेशन की अध्यक्ष उमा रेखू शर्मा ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी द्वारा रेलवे स्टेशन पर लगाई गई तंबाखू निषेध प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और वहां उपस्थित बी के मंजू दीदी के साथ लोगों से नशापान से दूर रहने का आह्वान किया। विदित हो कि गत शनि जयंती के अवसर पर भी विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने महाकाल मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ साथ जरूरत मंदों को रेलवे स्टेशन पर छाता, गमछा, चप्पल एवं शरबत का वितरण किया था।

# क्रान्ति सेना की पांच दिवसीय पदयात्रा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने प्रदेशवासियों से पदयात्रा में शामिल होने का आह्वान करते हुए बताया कि खारुन नदी की लड़ाई हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। सोमनाथ के सुंगेरा गांव और आसपास के ग्रामीण क्रान्ति सेना के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों से लगातार संघर्षरत हैं।

पदयात्रा की रुपरेखा एवं उद्देश्य स्पष्ट करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि सिमगा समीपस्थ सोमनाथ संगम से रविवार 1 जून को खारून आजादी की पदयात्रा निकलेगी एवं नदी के किनारे-किनारे बढ़ते हुए निकटस्थ गांवों में पर्यावरण जागरुकता नुक्कड़ सभाएं करते हुए पांचवें दिन महादेव घाट रायपुर में हटकेश्वर महादेव में जलार्पण करते हुए 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के दिन सभा में परिवर्तित हो जाएगी। जहां वर्तमान भाजपा सरकार को यात्रा के माध्यम से चेतावनी दी जाएगी कि अपनी नीतियों में परिवर्तन कर जलस्त्रोतों को सुरक्षित रखें। उद्योगों को विधि सम्मत पानी देने का विरोध नहीं है, लेकिन यह ध्यान रहे कि खारुन नदी भी जिंदा रहे और खारुन दाई की संतानो को भी जीवित रहने दें, अन्यथा भविष्य में उग्र लोकतांत्रिक विरोध का सामना करने तैयार रहें। नदी क्षेत्र के ही निवासी और संगठन के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता गिरधर साहू ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नदी के पानी में पहला हक क्षेत्रीय किसानों और ग्रामवासियों का है। कारखाना वालों द्वारा नदी की छाती में हजारों फुट गहराई में विशालकाय पंप लगाकर पानी खींचने से निकटस्थ जिलों का भूजल स्तर बुरी तरह से नीचे जा चुका है। नदी में निस्तारी लायक भी पानी नहीं बचता। सुंगेरा एवं आसपास के ग्रामीण क्रान्ति सेना के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों से लगातार संघर्षरत हैं।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला-बलौदाबाजार के अध्यक्ष सनत यदु, महामंत्री देवप्रसाद वर्मा, सिमगा ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र साहू बलौदाबाजार, ब्लाक अध्यक्ष रोहित साहू ने आम लोगों से इस पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### गगोरी-भिनोदा सड़क जर्जर, भरा पानी

**गोपालपुर।** लोगों के आवागमन सुविधा के लिए सरकार हर स्तर



पर गांव में पहुंच के लिए सड़क निर्माण करवा रही है और सदन में करोड़ों का बजट पास कर रही है, लेकिन उस मकसद का लाभ गगोरी से भिनोदा के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। उक्त सड़क वर्षों पुरानी है, जिसका निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हुआ था, जो इतनी खराब है कि इस पर चलना मुश्किल हो रहा है। मरीज हो यात्रा सभी को इस परेशानी से जुझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उक्त सड़क की मरम्मत कराने की मांग की।

### पीएम आवास योजना में जरूरतमंद हो रहे उपेक्षित

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** देश में पहली बार जनजीवन को वास्तविक रुप से प्रभावित करने वाला जरूरत मंद और परिवारिक जीवन स्तर को ऊपर उठाने प्रधानमंत्री आवास योजना एकमात्र अतिसंवेदनशील एवं महत्वाकांक्षी योजना है, जो प्रत्येक परिवार के जीवन स्तर को चारों तरफ से समाज में रेखांकित करते हुए प्रभावित करता है। अंचल में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों में एक तरफ यह आश्चर्य जनक स्थिति देखने को मिल रही है कि एक ही परिवार के दो, तीन सदस्यों को एक साथ लाभान्वित किया जा रहा हैं। वहीं दूसरी ओर जर्जर आवास में निवास करते जरुरत मंद एक मात्र वास्तविक परिवार को इस योजना से वंचित देखा जा रहा है। उपरोक्त स्थिति सिर्फ गांवों और कस्बों में ही नहीं अपितु शहरों में भी देखी जा सकती हैं। इसके लिए जरुरतमंद और सही व्यक्ति आवाज उठा रहे हैं, कि देश के जनता जनार्दन के दिलों में राज करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस आवास योजना को लागू करने के मंशानुरुप आवश्यकता अनुसार वास्तविक हितग्राहियों को ही लाभान्वित किये जाएं।

### छात्रों ने रैली निकाली और लगाये नारे

# हायर सेकंडरी स्कूल में मना विश्व तम्बाखू निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंध



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय हथबंद के स्टाफ के संयुक्त प्रयास से 31 मई को विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया गया।

इस मौके पर बीड़ी पीके खास रहा है मौत के आगे नाच रहा है, हमने यह ठाना है, तंबाखू मुक्त समाज बनाना है का नारा लगाते हुए रैली निकाली गई, जो बाजार पारा, दुर्गा चौक, भारत माता चौक होते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सालय पहुंचे। वहीं बाजार चौक में सभा आयोजित कर कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी द्वारा लोगों को तंबाखू, गुटखा, शराब से होने दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज पूरे समाज में बुजुर्गों के साथ युवा भी नशे की जाल में फंसते जा रहा है। समय रहते इस पर नियंत्रण करना आवश्यक है, नहीं तो समाज बर्बाद हो जाएगा। आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. नम्रता सिंघानिया द्वारा युवाओं को नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। सहायक चिकित्सक डॉ. प्राची चंद्रा द्वारा रैली में शामिल युवाओं को सर्दी, खांसी, बुखार व अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों को दवाई का वितरण किया गया।

ग्राम हथबंद की सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत ने रैली में शामिल युवाओं को बधाई दीं। कार्यक्रम में आयुष ग्राम हथबंद से गोविंद पैकरा, घनश्याम गायकवाड़, अश्वनी ध्रुव, डॉ. प्राची चंद्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायिका शिवानी टंडन स्वयं सेवक मुस्कान चतुरे, लिली मार्कण्डेय, प्रीति कुर्रे, दामिनी निषाद, सीमा पाल, धनराज साहू, नितिल निषाद, करुणा मनहरे, इको क्लब से लक्ष्मी साहू, किरण साहू, सेजल मनहरे आदि ने भाग लिया।

# सूचनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाना मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शासकीय महाविद्यालय में एमए के छात्रों का द्वितीय सेमेस्टर इंटर्नशिप कार्यक्रम हुआ। इस बीच संचार मीडिया की भूमिका, वैश्वीकरण बदलता परिवेश, संवाददाता कार्यपद्धति सूचना का अधिकार, मीडिया और मानव अधिकार विषय पर व्याख्यान में मीडिया की भूमिका समझाई गई।

जागरूकता के साथ कार्य करने पर संपूर्ण समस्या का निराकरण संभव है। गांव हो चाहे देश, दुनिया प्रत्येक वर्ग को एक पत्रकार की जिम्मेदारी की तरह भूमिका निभाना चाहिए।

बदलते परिवेश में आज आवश्यकता है कि प्रत्येक लोगों को जागरूकता से कार्य करना चाहिए। इंटर्नशिप कार्यक्रम के समापन दिवस पर सूचना का अधिकार मीडिया और मानव अधिकार का महत्व गिनाया गया।

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

FIT INDIA

SCHOOL INNOVATION COUNCIL

MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26 Congratulations

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI




## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2

Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR. SEC. SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra

Affiliated to IKSVV, Khairagarh

- ★Singing
- ★Tabla
- ★Geetanjali
- ★Kathak
- ★Bharatanatyam
- ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

ARPIT SAHU 96.6%

SRIJAN DEWANGAN 95.2%
ADITI MISHRA 94.4%
ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
PAKHI MAHESHWARI 93.2%
VIDYA SAO 91.4%
MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
SHWETA SINGH 95.4%
SABIYA PARVEEN 95%
AMRITA SAO 94%
AACHAL KUMARI SAO 93.8%
RAJVEER SAO 93.4%
TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
ANURAG SAHU 92.6%
SIDDHI BAGHEL 92.6%
SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
P POOJITA 92.2%
ADARSH KUMAR SINGH 92%
AYUSH NAGVANSHI 91.6%
CHIEF HAVGE 90.8%
PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

YOGITA 97%

RIYA KURREY 92.6%
TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
PIYUSH VERMA 89.8%
VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
ANKIT DEWANGAN 97.2%
SAZINA NAWAZ 96.8%
ASHMIKI DWIVEDI 95%
SAMRIDHI SHARMA 94.6%
TEJAS SAHU 93.6%
BHAVYA DEWANGAN 93%
SHREYA MAHAPATRA 92.8%
ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
SAMEER PATEL 92%
SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
DIVYANSH SINGH 91%
DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

NIDHI PATEL 92%
GARGI CHANDRAKAR 91.6%
NAMRATA PATEL 91.4%
JAYA SINHA 89.6%
KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
HARSHITA BHASKAR 92.8%
TANISHA NAG 92.3%
MAHI BANJARA 91.8%
PRIYA PAL 91.3%
THANSING VERMA 90.6%

## SCHOOL FACILITIES


1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)

Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |